**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी शिमला**

**07.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**मुख्य समाचार**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–ऑपरेशन सिंदूर में सशस्त्र बलों ने अद्वितीय साहस और दृढ़ संकल्प का किया प्रदर्शन।
- राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने अटल टनल रोहतांग का किया निरीक्षण–कहा–टनल के बनने से लाहौल स्पिति जिले में विकास व पर्यटन को मिली नई पहचान।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने एच.पी.एम.सी. को आगामी सीजन में सेब खरीद के लिए समुचित व्यवस्था करने के दिए निर्देश।
- लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के अनुसार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में बेहतर क्रियान्वयन के लिए हिमाचल को मिलेगा राष्ट्रीय पुरस्कार।
- पंचायती राज संस्थाओं में चुनाव के लिए आज से नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू–8 व 11 मई को भी भरे जाएंगे नामांकन।

**ऑपरेशन सिंदूर**

भारतीय सशस्त्र सेनाओं के अद्भुत शौर्य और साहस के प्रतिमान, ऑपरेशन सिंदूर को आज एक वर्ष पूरा हो गया है। इस उपलक्ष्य पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश आतंकवाद और उसको समर्थन देने वालों को समाप्त करने के अपने संकल्प पर अडिग है। सोशल मीडिया पोस्ट में नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने इस ऑपरेशन के दौरान अद्वितीय साहस, सटीकता और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर हमला करने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया।

**राज्यपाल**

राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की आतंकवाद विरोधी नीति को नई परिभाषा दी है। ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ के अवसर पर उन्होंने आज भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य, पेशेवर दक्षता और अदम्य साहस की सराहना करते हुए उन्हें नमन किया। राज्यपाल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर रणनीतिक संयम से रणनीतिक सक्रियता की ओर भारत के निर्णायक परिवर्तन का प्रतीक बना। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ वीरभूमि हिमाचल के लिए गर्व का विषय है। राज्यपाल ने लोगों से ऑपरेशन सिंदूर की स्मृतियों को राष्ट्रीय एकता, अखण्डता और आतंकवाद के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराकर सम्मानित करने का आहवान किया।

**राज्यपाल दौरा**

इस बीच राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने आज लाहौल स्पिति जिले के दौरे के दौरान विश्व प्रसिद्ध अटल टनल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस टनल के बनने के बाद जिले में विकास व पर्यटन को नई पहचान मिली है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे लाहौल स्पिति जिला संवाददाता..........

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने एच.पी.एम.सी को आगामी सीजन के लिए मंडी मध्यस्थता योजना के तहत सेब खरीद के लिए समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। शिमला में आयोजित एक बैठक के दौरान निगम की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि बागवानों की सुविधा के लिए एचपीएमसी की कार्यप्रणाली के तहत अगले खरीद सीजन से पूरी प्रक्रिया और डेटा का डिजिटलीकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सेब उत्पादकों, विशेषकर छोटे व सीमांत किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। बैठक में बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## एन.एच.आर.सी.

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग–एनएचआरसी ने शिमला जिला के रामपुर स्थित नर्सिंग कॉलेज के छात्रावास में तपेदिक से संक्रमित उन्नीस छात्राओं के मामले पर प्रदेश के मुख्य सचिव को नोटिस जारी किया है। मीडिया रिपोर्टों का स्वतः संज्ञान लेते हुए आयोग ने दो सप्ताह के भीतर इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने कहा कि परिसर के हालिया दो निरीक्षणों के दौरान, छात्रावास के प्रबंधन में स्वच्छता और समग्र संस्थागत कामकाज सहित, गंभीर कमियां पाई गईं। आयोग ने बताया कि अधिकारियों द्वारा कोई सुधारात्मक उपाय नहीं किए गए, जिसके परिणामस्वरूप छात्राओं को तपेदिक हो गया।

## मृत्यु

सिरमौर जिला के देवामानल गांव में दो सगे भाईयों की खड्ड में डूबने से मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार आठ वर्षीय आयान और नौ वर्षीय अभिनव घर के पास खड्ड के किनारे खेल रहे थे। तंग रास्ते में एक भाई का पांव फिसलने से वो खड्ड में गिर गया और उसे बचाने के लिए दूसरा भाई भी खड्ड में उतर गया। पानी गहरा होने के कारण दोनों भाई डूब गए। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों व स्थानीय लोगों ने उन्हें खड्ड से निकालकर अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

## विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत हिमाचल ने बेहतरीन कार्य किया है। आज शिमला में उन्होंने बताया कि केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने विभिन्न राज्यों के प्रदर्शन का सर्वे किया है जिसमें हिमाचल को ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क कनेक्टिविटी के लिए चयनित किया गया है। विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए हिमाचल को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ये सम्मान 9 मई को मध्य प्रदेश के सिहोर में दिया जाएगा। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि इस उपलब्धि में गुणवत्तापूर्ण कार्य के लिए 46 करोड़ रूपए की प्रोत्साहन राशि मिली है जबकि पीएमजीएसवाई चरण–4 के तहत 2 सौ 50 बस्तियों को जोड़ने के लिए 2 हजार 2 सौ 47 करोड़ रूपए स्वीकृत हुए हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में करीब साढ़े 3 हजार किलोमीटर सड़क नेटवर्क पीएमजीएसवाई योजना के तहत विकसित हुआ है जो बड़ी उपलब्धि है।

## पंचायत चुनाव

प्रदेश की 3 हजार 7 सौ 54 पंचायतों में कुल 31 हजार एक सौ 82 पदों के लिए तीन चरणों में 26, 28 और 30 मई को वोट डाले जाएंगे। इन चुनावों के लिए नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है और कल 8 मई और 11 मई को भी नामांकन भरे जा सकेंगे। पंचायती राज चुनाव चुनाव चिन्ह पर नहीं होते हैं लेकिन भाजपा ने अपने समर्थित जिला परिषद उम्मीदवारों की सूची जारी की है। नामांकन के पहले दिन विभिन्न स्थानों पर उम्मीदवारों ने अपने–अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। शिमला स्थित उपायुक्त कार्यालय में जिला परिषद चुनाव के लिए भाजपा, कांग्रेस और आजाद उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र भरे। जिला परिषद हलोग धामी से भाजपा समर्थित प्रत्याशी कमलेश शर्मा ने नामांकन दाखिल किया और लोगों के मूलभूत सुविधाएं दिलाने को अपनी प्राथमिकता बताया।

पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के लिए 12 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, जबकि 14 और 15 मई को उम्मीदवार 3 बजे तक अपने नाम वापिस ले सकते हैं।

**पैंशनर**

हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम पैंशनर कल्याण संगठन की सोलन इकाई ने राज्य सरकार पर पैंशनरों के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया है। एच.आर.टी.सी पैंशनर संगठन की सोलन इकाई के महासचिव जगदीश ठाकुर ने बताया कि उन्हें न तो समय पर पैंशन मिल रही है, न ही चिकित्सा बिलों का भुगतान हो रहा है और न ही उनके लंबित भत्ते मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार एच.आर.टी.सी पैंशनरों की मांगो को अनसुना कर रही है।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–ऑपरेशन सिंदूर में सशस्त्र बलों ने अद्वितीय साहस और दृढ़ संकल्प का किया प्रदर्शन।
- राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने अटल टनल रोहतांग का किया निरीक्षण–कहा–टनल के बनने से लाहौल स्पिति जिले में विकास व पर्यटन को मिली नई पहचान।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने एच.पी.एम.सी. को आगामी सीजन में सेब खरीद के लिए समुचित व्यवस्था करने के दिए निर्देश।
- लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के अनुसार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में बेहतर क्रियान्वयन के लिए हिमाचल को मिलेगा राष्ट्रीय पुरस्कार।
- पंचायती राज संस्थाओं में चुनाव के लिए आज से नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू–8 व 11 मई को भी भरे जाएंगे नामांकन।